हरियाणा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को भी शामिल किया जाएगा

चर्चा में क्यों?

3 फरवरी, 2022 को हरियाणा के गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में 75वें सूर्य नमस्कार अभियान कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि हरियाणा में एमबीबीएस पाठयक्रम में आयुर्वेद को भी शामिल किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मंत्री अनिल विज ने कहा कि एमबीबीएस की डिग्री के तहत 4 साल विद्यार्थी एलोपैथिक की पढ़ाई करेगा, वहीं एक साल आयुर्वेद की पढ़ाई करेगा, इसके लिये एक टीम का गठन किया गया है जो कोर्स को तैयार करने का काम करेगी।
- आयुष मंत्री ने बताया कि हरियाणा कैबिनेट की बैठक में आयुष विभाग को अलग विभाग का दर्जा दिया गया है ताकि यह विभाग भी दूसरे विभागों की तर्ज पर आगे आ सके और इसकी अलग पहचान हो और जो भी कार्य इस विभाग द्वारा करने हैं वह किया जा सके।
- योग को आगे ले जाने के लिये हरियाणा में योग-आयोग बनाया गया है। राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि प्रदेश के 6500 गाँवों में योगशालाएँ बनें, इसके दृष्टिगत 1000 योगशालाएँ बना दी गई हैं, बाकी पर काम चल रहा है। शहरों मे भी जहाँ पर मुमकिन स्थान है वहाँ पर योगशालाएँ बनाई जा रही है।
- उन्होंने कहा कि एलोपैथिक दवाओं की भाँति अब आयुर्वेदिक दवाओं की भी रिएिम्बर्समेंट हो सकेगा।
- आयुष मंत्री ने यह भी कहा कि अल्टरनेट मैडिशन को बढ़ावा देने के लिये आयुष विश्वविद्यालय बनाया गया है। आयुष के पाँच विंग है, जिसमें आयुर्वेद, योगा, सिद्धा, युनानी व होम्योपैथी शामिल हैं। इन पाँचों विंगों पर कार्य किया जा रहा है। कुरूक्षेत्र में आयुष विश्विवद्यालय खोला गया है। वहाँ पर 100 एकड़ जगह ली गई है जहाँ पर बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। दूर-दूर से लोग यहाँ आकर हरियाणा में इसकी शिक्षा लेंगे।
- उन्होंने बताया कि पिंचकूला में लगभग 270 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान बनाया जा रहा है। दिसंबर माह तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहाँ पर 250 बेड का अस्पताल भी बनाया जाएगा तथा यहाँ से 500 डॉक्टर बनकर निकलेंगे।
- उन्होंने कहा कि नूह में युनानी कालेज बनाया गया है तथा अंबाला छावनी में होम्योपैथिक कालेज व देवरखाना में प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल बनाया जा रहा है। 569 आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर, 4 आयुर्वेदिक अस्पताल, 6 आयुष प्राथमिक स्वास्थ्य अस्पताल, 19 युनानी अस्पताल, 26 होम्योपैथिक, 21 आयुष विंग हैं तथा हरियाणा के हर ज़िला अस्पताल में आयुष विंग है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayurveda-to-be-included-in-mbbs-syllabus-in-haryana